आज बोधगया में बिहार बिजनेस कनेक्ट 2027 का उद्घाटन करने आयेंगे सीएम सम्राट चौधरी

❒ देश भर के निवेशकों के साथ मुख्यमंत्री करेंगे चर्चा ❒ डीएम एवं एसएसपी ने आयोजन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

गयाजी। बिहार के औद्योगिक परिख्श्य में आज एक ऐतिहासिक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है। बुद्ध



भूमि और ज्ञान की नगरी बोधगया में बहुप्रतीक्षित 'बिहार बिजनेस कनेक्ट-2027' का आज बोधगया के आईटीसी वेलकम होटल में भव्य आगाज हो रहा है। उद्योग विभाग बिहार सरकार, एमएसएमई एवं वियाडा के सहयोग से आयोजित बिहार बिजनेस कनेक्ट 2027 का शुभारंभ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरीके कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य दक्षिण बिहार को देश और दुनियाके औद्योगिक मानचित्रपर एक मजबूत आर्थिक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। इस महत्वपूर्ण कान्क्लेव के केंद्र में डोभी इंडस्ट्रियल कारिडोर है, जिसे सरकार निवेशकों के लिए एक नए और अत्याधुनिक हब के रूप में विकसित कर रही है। बिहार में औद्योगिक विकास को एक नई रफ्तार और वैश्विक पहचान देने की दिशा में राज्य सरकार का यह एक और बड़ा और निर्णायक कदम माना जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बोधगया और डोभी इंडस्ट्रियल कारिडोर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलने की पूरी उम्मीद है। डोभी इंडस्ट्रियल कारिडोरको देश-विदेश के निवेशकों के लिए एक प्रमुख और आधुनिक हबके रूप में विकसित करने की दिशा में यह आयोजन एक मील का पत्थर साबित होगा। इस कान्क्लेव के जरिए क्षेत्र में नए उद्योगों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा, जिससे स्थानीय युवाओंके लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार तथा स्वरोजगारके अपार अवसर पैदा होंगे और क्षेत्रके आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

सेंट्रल बिहार चैंबर आफ़ कामर्स के अध्यक्ष प्रमोद कुमार भदानी का मानना है कि महाबोधि की पावन धरती बोधगया में इस तरह के बड़े व्यावसायिक और औद्योगिक आयोजनों से न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटनको नई ऊर्जा मिलेगी, बल्कि दक्षिण बिहार का यह हिस्सा एक प्रमुख आर्थिक और व्यापारिक केंद्रके रूप में भी तेजीसे उभरेगा। मुख्यमंत्रीके इस उद्घाटन समारोहपर पूरे राज्यके उद्योग जगत की निगाहें टिकी हुई हैं। जिससे राज्य में निवेश के नए रास्ते खुलेंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और कानून-व्यवस्था तथा सुरक्षा के बेहद पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ताकि देश-विदेश से आने वाले मेहमानों और निवेशकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजन स्थलपर डीएम शशांक शुभंकर, एसएसपी सुशील कुमार, सदर एसडीओ अनिल कुमार रमन, एसडीएम परितोष कुमार समेत जिले के वरीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियोंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं सुरक्षा से संबंधित दिशा निर्देश दिए।

गांधी चौक मोड़पर अगलगी की घटना में तीन फुटकर दुकानें जलकर राख

गयाजी। शहर के अति व्यस्त गांधी चौक मोड़ स्थित शहीद रोड पर बीती रात आग लगने से तीन फुटकर दुकानें जलकर पूरी तरह राख हो गईं। इस घटना में स्टील के बर्तन, घरेलू उपयोग की सामग्री, चश्मे समेत अन्य सामान जलकर नष्ट हो गए। दुकानदारों



के अनुसार, आगसे करीब चार लाख रुपये मूल्य की संपत्ति का नुकसान हुआ है। घटना के बाद पीड़ित दुकानदारों और उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। गांधी चौक मोड़ के पास सागर कुमार और संजू देवीकी स्टील के बर्तन, घरेलू सामान और चश्मे की दुकानें थीं। आग इतनी भीषण थी कि दुकानों में रखे ठेले, काउंटर,गोल्डिंग स्टैंड, स्टीलके बर्तन, घरेलू उपयोगकी वस्तुएं और चश्मों का पूरा स्टक्क जलकर खाक हो गया। घटना में दुकानदारों को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। इस मामले में पीड़ित दुकानदारों ने अपने पास की बर्तन दुकानों के संचालक बंटी केसरी और अमित पर आग लगाने की आशंका जताई है। दुकानदारों का आरोप है कि कुछ दिन पहले दोनोंके साथ उनका विवाद हुआ था। पीड़ितों के मुताबिक, उन्हें कथित तौर पर झूठे मुकदमे में फंसाने और बर्बाद करनेकी धमकी भी दी गई थी। हालांकि, आग लगनेके कारणों और आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। घटना के संबंधमें पीड़ित दुकानदारों ने कोतवाली थाने में आवेदन देकर मामले की जांच और उचित कार्रवाईकी मांग की है। दुकानदारों का कहना है कि दुकान ही उनके परिवारके भरण-पोषण का एकमात्र सहारा थी। आग में पूरी पूंजी और सामान नष्ट हो जाने से उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। पीड़ित दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। अब पुलिस जांचके बाद ही घटना की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

फल्गु नदी के जीर्णोद्धार, जल संरक्षण एवं भूजल स्तर में सुधार को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक


❒ नदी के दोनों किनारोंपर बड़े पैमाने पर पौधारोपण ❒ जलजमाववाले क्षेत्र में होगा सोख्ता का निर्माण

गयाजी। फल्गु नदी के जीर्णोद्धार, पर्यावरण संरक्षण एवं भूजल स्तर में सुधार के उद्देश्य से आज समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षतामें वन विभाग, जल संसाधन विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारियोंके साथ बैठक आयोजितकी गई। बैठक में फल्गु नदी के प्राकृतिक स्वरूप को संरक्षित करने, नदी में जल का ठहराव सुनिश्चित करने तथा नदी के आसपासके क्षेत्रोंमें भूजल स्तर को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि भारत सरकार के जल शक्ति मिशन के माध्यम से आईआईटी रुड़की द्वारा झारखंडके लावा-लौंग, चतरा स्थित फल्गु नदीके उद्गम क्षेत्र से लेकर गया जिला होते हुए जहानाबाद सहित आगे के क्षेत्रों तक नदी का विस्तृत सर्वेक्षण कराया गया है। सर्वेक्षण रिपोर्ट में नदी के बदलते स्वरूप, जल के ठहराव में कमी तथा नदी के समग्र जीर्णोद्धार की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है।

जिला पदाधिकारी ने जिला वन पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्तको निर्देश दिया कि गया जिले में पड़ने वाले फल्गु नदी के संपूर्ण क्षेत्र का विस्तृत सर्वेक्षण कराते हुए नदी के दोनों किनारों पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण की कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षणको बढ़ावा मिलेगा, हरित क्षेत्र का विस्तार होगा तथा गया जिलेको हरा-भरा बनानेकी दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी। फल्गु नदी के किनारे पड़ने वाले सभी संबंधित अंचलों के अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी एवं वन विभाग के पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से नदी के किनारों का भौतिक निरीक्षण करें तथा पौधरोपण के लिए उपयुक्त स्थलों को चिह्नित करें।

बैठकमें नदी एवं आसपासके आवासीय क्षेत्रोंमें लगातार गिरते जलस्तर पर समीक्षाकी गई। भूजल स्तर में सुधार तथा वर्षा जल को धरती के भीतर पहुंचाने



के उद्देश्य से फल्गु नदी के दोनों किनारों पर पांच-पांच किलोमीटर की चौड़ाई वाले क्षेत्र में जल पुनर्भरण की व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया गया। जल संसाधन विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि गया, बोधगया एवं डोभी क्षेत्रमें कुल 123 खराब बोरवेल चिह्नित किए गए हैं। जिला पदाधिकारीने इन सभी बोरवेल को वाटर रिचार्ज बोरवेल के रूप में उपयोग में लाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया, ताकि वर्षा जल का भूजल स्तर बढ़ाने में उपयोग किया जा सके। जिला पदाधिकारी ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देश दिया कि नदीके किनारे स्थित सभी संबंधित पंचायतोंके माध्यम से पंचायत स्तर पर खराब बोरवेलको चिह्नित कराया जाए तथा उन्हें वाटर रिचार्ज बोरवेल के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना तैयार की जाए।

जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि फल्गु नदी के दोनों किनारों पर पांच-पांच किलोमीटरके दायरे में जिन स्थानोंपर जलजमावकी समस्या होती है, वहां सोख्ता निर्माण कराया जाए, ताकि वर्षा जलका समुचित प्रबंधन एवं भूजल पुनर्भरण सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र में स्थित बड़े सरकारी भवनों एवं प्रमुख प्रतिष्ठानोंमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसका उद्देश्य वर्षा जल को व्यर्थ बहने से रोकना तथा उसका अधिकतम उपयोग भूजल स्तर में सुधार के लिए करना है।

जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई विभाग को निर्देश दिया कि फल्गु नदी के दोनों किनारों पर पांच-पांच किलोमीटर के क्षेत्रमें स्थित सभी आहर, पोखर एवं पइन का भौतिक निरीक्षण कर उनकी वर्तमान स्थिति का आकलन करें। साथ ही, नदी एवं आसपास के क्षेत्रोंको जल संरक्षण की दृष्टि से लाभ पहुंचाने और भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए जहां अतिरिक्त आहर, पोखर एवं पइन के निर्माण अथवा पुनर्जीवन की आवश्यकता है, उसकी पहचान कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

बैठक में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, नदी संरक्षण से जुड़े समाजसेवी संजय सज्जन सहित जल संसाधन विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सीएम के आगमन पर सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर उच्चस्तरीय बैठक



गयाजी।मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आज बोधगया आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसे लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर और वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से की।

बैठकमें नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव कुमार, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सहित जिलेके तमाम वरीय प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। चर्चा का मुख्य केंद्र मुख्यमंत्रीके आगमन के दौरान अचूक सुरक्षा घेरा, सुचारू यातायात प्रबंधन और पुख्ता विधि-व्यवस्था बनाए रखना रहा।

जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकरने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि वीवीआईपी रूटसे लेकर सभा स्थल तक सुरक्षाके पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। वहीं, एसएसपी सुशील कुमारने पुलिस बल को असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने और ट्रैफिक व्यवस्थामें किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की हिदायत दी। प्रशासन इस दौरे को लेकर सुरक्षाके हर पहलू को चाक-चौबंद करने में जुट गया है।

कोलकाता घूमने गया परिवार, घर से लाखों के जेवरात चोरी

मानपुर। बुनियादगंज थाना क्षेत्रके मानपुर तकिया निवासी पिंटू चौधरीके बंद घरमें चोरीकी घटना हुई है। चोरों ने घर के मुख्य गेट और चार कमरों के ताले तोड़कर लाखों रुपयेके जेवरात और एक लाख रुपये नकद चुरा लिए। पीड़ितने बुनियादगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ितके अनुसार, वह 17 अक्टूबरको रात करीब 10 बजे परिवार और दोस्तोंके साथ कोलकाता घूमने गए थे। घर के मुख्य गेट और सभी कमरोंमें ताला बंद था। घर लौटने पर मुख्य गेट खोलकर अंदर गए तो चारों कमरोंके ताले टूटे मिले। गोदरेजका ताला तोड़कर सामान बाहर निकालकर बिखेर दिया गया था। चोर सोने की अंगूठियां, टीका, झुमके, चेन, कानके आभूषण, चांदी की पायल, सिकड़ी, चूड़ी सहित अन्य जेवरात ले गए। इसके अलावा गोदरेजमें रखे एक लाख रुपये नकद भी गायब थे। पीड़ित ने पुलिससे मामलेकी जांच कर चोरों को पकड़ने की मांग की है।

डोभी में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के लिए भूखंडका आवंटन आज से

गयाजी। जिले के डोभी में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देने के उद्देश्य से इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया आज 24 अक्टूबर से आधिकारिक रूप से शुरू होने जा रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शुरू होने से क्षेत्रमें नए उद्योगों की स्थापना का रास्ता साफ होगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मज़बूती मिलने के साथ-साथ 69 हजार लोगों को रोज़गार के ढेरों अवसर पैदा होंगे। सूत्रोंके अनुसार, आधुनिक सुविधाओंसे लैस एक विश्वस्तरीय औद्योगिक हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहाँ भूखंडोंके आवंटनके लिए पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाएगी, ताकि इच्छुक उद्यमियों और निवेशकों को बिना किसी बाधा के भूमि उपलब्ध कराई जा सके। इस कदम से कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, मैन्युफैक्चरिंग और लाजिस्टिक्स जैसे विभिन्न क्षेत्रोंके निवेशकों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। सेंट्रल बिहार चैंबर आफ़ कामर्स के अध्यक्ष प्रमोद कुमार भदानी ने बताया कि गया में कनेक्टिविटी और बुनियादी ढाँचेके तेज़ विकासके बीच इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कारिडोरका शुरू होना क्षेत्रके लिए एक मीलका पत्थर साबित होगा। इससे करोड़ो लोगोंको रोजगारके अवसर मिलेंगे और गया जिले की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। यह एक सुंदर और सराहनीय पहल है। 24 अक्टूबर से प्रक्रिया शुरू होने की खबर से स्थानीय और बाहरी निवेशकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। प्रशासन और संबंधित विभागने इस आवंटनप्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी तरीके से संपन्न करानेके लिए आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली हैं।

स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ वातावरण का होना भी जरूरी : सांसद

बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को उभारने की जरूरत: सभापति

टिकारी (आससे)। नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार सरकार पटना के तत्वावधान में स्वच्छ भारत स्वस्थ्य



भारत मिशन स्वच्छता ही सेवा थीम पर स्वछता के प्रति छात्र छात्राओं एवं आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य को लेकर नगर परिषदकी ओर से विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं के बच्चों के बीच नगर परिषद के सभागारमे 9 अक्टूबर से चले आरहे चित्रकला, निबंध एवं अन्य विषयोंकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे बच्चियों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन नगर परिषदकी ओर से शुक्रवारको किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथिके रूप उपस्थित औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि स्वस्थ्य रहनेके लिए स्वच्छ वातावरण का होना भी उतना ही जरुरी माना गया है! बच्चों ने अपनी रचना, निबंध, चित्रकला को कागजके पन्नों पर ऊकेर कर स्वछता के प्रति जिस तरहसे अपनी बौद्धिक क्षमताका परिचय दिया काबिले तारीफ है! इससे बच्चों मे वातावरण को साफ सुथरा रखने की जिज्ञासा और बढ़ेगी जिसे विद्यालय, घर, मोहल्लों मे भी उसे साकार करने की भावना बलवती होगी! वहीं नगर परिषद सभापति अजहर ईमामने कहा कि यहाँ के बच्चों मे प्रतिभा की कोई कमी नहीं, बस जरूरत है समय समय पर उन्हें प्रोत्साहित करने की! उन्होंने नगर विकास आवास विभागके तत्वावधानमे आयोजित किए गए इस कार्यक्रमकी सराहना करते हुए कहा एक ओर जहाँ बच्चों मे पर्यावरण को स्वच्छ रखने को लेकर नई चेतना जागृत होगी वहीं इस तरह के आयोजन से जन जागृति भी आएगी और लोग स्वछता के प्रति जागरूक होंगे!

मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले मगध इंटरनेशनल स्कूल, आदर्श मध्य विद्यालय, नेशनल पब्लिक स्कूल, बी पी एन ग्लोबल स्कूल, बालिका उच्च विद्यालय, शिशु, शिक्षा निकेतन, लोहिया माउंट कौर्बल, ठाकुर मुनेश्वरनाथ सिंह उच्च विद्यालय, होली पब्लिक स्कूल, आर डी पब्लिक स्कूल के बच्चे बच्चीयों को प्रशस्ति पत्र, टिफिन, वाटर बाटल, कलम, आदि कई उपहार सांसद अभय कुशवाहा, सभापति अजहर ईमाम, कार्यपालक पदाधिकारी राजेश कुमार झा, नगर प्रबंधक मोहित कुमार द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया! मौके पर स्टैंडिंग कमिटी सदस्य पार्षद रणजीत कुमार, अक्षय कुमार चौधरी, मो रेयाज, संध्या गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि मो तौहीद, बिट्टू कुमार, पार्षद शिव पूजन मांझी, अनिरुद्ध शर्मा सहित कई पार्षद, एवं कार्यालय कर्मी मौजूद थे!

ज़िला पदाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

गयाजी।जिलाधिकारी शशांक शुभंकरने समाहरणालयमें आये अनेकों फरियादियोंको देख उनकी समस्याओंको सुना गया। जिलेके विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 100 से अधिक आमजनोंकी समस्याएँ सुनीं गयी। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओंसे जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, आरटीपीएस, शिक्षा विभागसे संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारीके समक्ष रखा।

सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
बी-60, सूरजकुण्ड-गोरखपुर

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद की विकास नगर आवासीय योजना, लच्छीपुर, गोरखपुर में आवासीय भूखण्ड संख्या 179E एरिया 283.5 वर्गमीटर श्री शत्रुघ्न तिवारी पुत्र स्व. द्वारिका तिवारी निवासी ग्राम घुरघाट, पोस्ट गंगपुर सिसवन, जिला सिवान को आवंटित था। इसकी रजिस्ट्री दिनांक 22-09-2000 को उनके पक्ष में कर दी गयी है। श्री शत्रुघ्न तिवारी की मृत्यु दिनांक 17-09-2016 को हो गयी है। श्री शत्रुघ्न तिवारी की मृत्यु के पश्चात उनके पुत्रगण श्री देवकृष्ण तिवारी, कामाख्या नारायण तिवारी एवं आशुतोष तिवारी ने उक्त भूखण्ड का पंजीकृत बैनामा दिनांक 25-01-2022 को श्रीमती सरिता टेकड़ीवाल पत्नी श्री संदीप कुमार टेकड़ीवाल के पक्ष में कर दिया।

वर्तमान में उक्त भूखण्ड संख्या 179E की क्रेता उपरोक्त श्रीमती सरिता टेकड़ीवाल ने अपने आवेदन पत्र द्वारा अपने दस्तावेज की प्रति संलग्न करते हुए अपने द्वारा किये गये क्रय विलेख दिनांक 25-01-2022 के आधार पर नामान्तरण का अनुरोध किया है।

यदि किसी हितबंध व्यक्ति को उक्त भूखण्ड के नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर संगत साक्ष्यों एवं अभिलेखों के सहित अपनी आपत्ति शिवं सहकारी आवास समिति लि. के सुनन्दा टावर, बैंक रोड, गोरखपुर में स्थित कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा नामान्तरण की कार्यवाही श्रीमती सरिता टेकड़ीवाल पत्नी श्री संदीप कुमार टेकडीवाल के पक्ष में कर दी जायेगी तथा भविष्य में प्राप्त होने वाली कोई भी शिकायत परिषद/समिति को मान्य नहीं होगी तथा उक्त नामान्तरण हेतु परिषद/समिति उत्तरदायी नहीं होगी बल्कि पूर्णरूप से श्रीमती सरिता टेकडीवाल उत्तरदायी होंगी।

सचिव

सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
बी-60, सूरजकुण्ड-गोरखपुर

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद की विकास नगर आवासीय योजना, लच्छीपुर, गोरखपुर में आवासीय भूखण्ड संख्या 178E एरिया 283.5 वर्गमीटर श्री शत्रुघ्न तिवारी पुत्र स्व. द्वारिका तिवारी निवासी ग्राम घुरघाट, पोस्ट गंगपुर सिसवन, जिला सिवान को आवंटित था। इसकी रजिस्ट्री दिनांक 22-08-2000 को उनके पक्ष में कर दी गयी है। श्री शत्रुघ्न तिवारी की मृत्यु के पश्चात् उनके पुत्रगण श्री देवकृष्ण तिवारी, कामाख्या नारायण तिवारी एवं आशुतोष तिवारी ने उक्त भूखण्ड का पंजीकृत बैनामा दिनांक 25-01-2022 को श्री उदित टेकडीवाल पुत्र श्री संदीपकुमार टेकडीवाल के पक्ष में कर दिया।

वर्तमान में उक्त भूखण्ड संख्या 178E के क्रेता उपरोक्त श्री उदित टेकडीवाल ने अपने आवेदन पत्र द्वारा अपने दस्तावेज की प्रति संलग्न करते हुए अपने द्वारा किये गये क्रय विलेख दिनांक 25-01-2022 के आधार पर नामान्तरण का अनुरोध किया है।

यदि किसी हितबंध व्यक्ति को उक्त भूखण्ड के नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर संगत साक्ष्यों एवं अभिलेखों के सहित अपनी आपत्ति शिवं सहकारी आवास समिति लि. के सुनन्दा टावर, बैंक रोड, गोरखपुर में स्थित कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा नामान्तरण की कार्यवाही श्री उदित टेकडीवाल पुत्र श्री संदीप कुमार टेकडीवाल के पक्ष में कर दी जायेगी तथा भविष्य में प्राप्त होने वाली कोई भी शिकायत परिषद/समिति को मान्य नहीं होगी तथा उक्त नामान्तरण परिषद/समिति उत्तरदायी नहीं होगी बल्कि पूर्णरूप से श्री उदित टेकडीवाल उत्तरदायी होंगी।

सचिव

बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के लिए मतदान के दिन मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निर्वाचकों को विशेष आकस्मिक अवकाश देने से संबंधित अत्यावश्यक सूचना

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के अवसर पर मतदान दिनांक 23.10.2026 (शुक्रवार) को निर्धारित है। भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 322/AP-LC/2010-CC&BE/720 दिनांक 23.12.2010 के आलोक में मतदान की तिथि 23.10.2026 (शुक्रवार) को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचकों को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु विशेष आकस्मिक अवकाश देय है।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 014019 (Election) 2026-27

(अशोक प्रियदर्शी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन प्रमण्डल, सीतामढ़ी

प्रथम शुद्धि-पत्र अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-08/2026-27

इस कार्यालय के पत्रांक 1593 अनु0 दिनांक 03.10.2026 द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 08 वर्ष 2026-27 जिसका पी0आर0 संख्या 013162 (BCD) 2026-27 है जो विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है। जिसमें अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक – भवन/12-अभि0प्र0 (यो0)-02- विविध- 11/2026 9803 (भ) पटना दिनांक 15.10.2026 के आलोक में **परिमाण विपत्र से 10 (दस) प्रतिशत से ज्यादा कम दर उद्धृत रहने वाली निविदाएँ अमान्य मानी जाएगी।** पूर्व में उल्लेखित निविदा के कंडिका-25 में निम्नरूपेण संशोधित किया जाता है जिसे पढ़ा/समझा जाय :-

1. परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धत दर वाले निविदा के लिए 0.25 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।
2. परिमाण विपत्र की दर से 5 से 10 प्रतिशत कम उद्धत दर वाले निविदा के लिए 0.50 प्रतिशत अतिरिक्त कार्यप्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।

PR- 013987 (B C D) 2026-27

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सीतामढ़ी।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

कार्यालय नगर पंचायत मानसी
Email-Ulb.mansi@gmail.com

आम सूचना संख्या:-08/2026-27

सर्वसाधारण एवं सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मानसी द्वारा सरकारी आदेशों की अवहेलना करने, विभागीय पत्रों को अनसुना करने तथा संविदा (एकरारनामा) की शर्तों का घोर उल्लंघन करने के कारण एक फर्म/कम्पनी के कार्यादेश तत्काल प्रभाव से रद्द (Cancel) कर दिए गए है तथा उन्हें अगले 5 वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट (Blacklist) कर दिया गया है।

फर्म का नाम	M/s Pandav Manufacturing Company
प्रोपराईटर का नाम एवं पता	श्री नागेन्द्र कुमार, 13 HMH Amarura, हनुमानगढ़, राजस्थान-335513
GEM Seller ID	ARPM200001680470
कार्य	Gem पोर्टल (BID No- GEM/2025/B/6092625, Date-27.03.2025) के माध्यम से कुल 23 अदद हाई मास्ट लाईट की आपूर्ति एवं मरम्मति का कार्य।

उपरोक्त फर्म/कम्पनी अगले 5 वर्षों तक नगर पंचायत मानसी के किसी भी कार्य, GEM पोर्टल से संबंधित निविदाओं अथवा अन्य किसी भी प्रकार के टेंडर में भाग नहीं ले सकेगी।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 013908 (B&C) 2026-27

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, मानसी

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय.
भवन प्रमंडल, खगड़िया

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-10/2026-27

1. विज्ञापनदाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, खगड़िया।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि :- दि0-16.10.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :- दि0-05.11.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दि0-06.11.2026 को 03:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दि0-06.11.2026 को 03:30 बजे अपराह्न
6. निविदा कागजात की बिक्री का स्थान :- (i) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल, भागलपुर। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, खगड़िया। (iii) सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमंडल सं0-1/2, खगड़िया।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :- यथा क्रमांक-6 के अनुसार
8. **कार्य का विवरण** :-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	कार्य पूर्ण करने का समय
1	2	3	4	5	6
1	Repair and Maintenance of RTPS Room at Collectorate Campus Khagaria for the year 2026-27.	1,52,900.00	500	3100	21 दिन
2	Provision of Pavers Block work in Front Campus of BCD Office at Khagaria for the year 2026-27.	3,49,800.00	750	7000	21 दिन
3	Provision of Female Toilet in Jila Lok Shikayat Office in Collectorate Campus Khagaria for the year 2026-27.	1,88,061.00	500	3800	एक माह
4	Repair work of Guard Toilet Near Jila Lok Shikayat Office at Collectorate Campus Khagaria for the year 2026-27	1,24,500.00	500	2500	15 दिन
5	Provision of Pavers Block & Campus for Leveling PCC Near Guard Shed & Jila Lok Shikayat Office at Collecotrate Khagaria for the year 2026-27	1,58,000.00	500	3200	15 दिन
6	Repair work of Treasury Office at Khagaria for the year 2026-27.	5,68,900.00	1250	11400	एक माह
7	Repair and Maintenance of Inner side Second Floor Collectorate Building Khagaria for the year 2026-27.	2,93,000.00	750	5900	एक माह
8	Provision of PCC & Drain repair work of back side in Campus of BCD office at Khagaria for the year 2026-27.	2,10,700.00	500	4300	21 दिन
9	Repair and Painting work (with PHE work) of Data Centre & Record Room in Alauli Block at Khagaria District for the year 2026-27.	3,94,100.00	750	7900	एक माह
10	Repair and Painting work (with PHE work) of Data Centre & Record Room in Beldaur Block at Khagaria District For the year 2026-27.	3,85,900.00	750	7800	एक माह
11	Repair and Painting work (with PHE work) of Data Centre & Record Room in Gogari Block at Khagaria District for year 2026-27.	3,90,400.00	750	7900	एक माह
12	Renovation work of Approach Road in Campus of BCD Office at Khagaria for the year 2026-27.	5,09,600.00	1250	10200	21 दिन
13	Repair and Painting work (with PHE work) of Data Centre & Record Room in Khagaria Sadar Block at Khagaria District for the year 2026-27.	3,87,600.00	750	7800	एक माह
14	Repair and Painting work (with PHE work) of Data Centre & Record Room in Parabatta Block at Khagaria for the year 2026-27	3,87,300.00	750	7800	एक माह
15	S/R to Painting work of District Programme Implementation Committee Office at Sub-Division office Campus Khagaria in Distt. Khagaria for the year 2026-27.	3,96,100.00	750	8000	21 दिन
16	S/R to Painting work of Sub-Division Office Gogari in Distt. Khagaria for the year 2026-27.	4,79,200.00	750	9600	21 दिन
17	Repair & Painting work of BCD Office, Internal & External Portion at Khagaria for the year 2026-27.	5,23,700.00	1250	10500	एक माह
18	Repair work of Windows and Door in Ground Floor Verandah at Sub-Division Office Gogari in Distt. Khagaria for the year 2026-27.	6,30,200.00	1250	12700	एक माह
19	Renovation of Guard Room and Boundarywall at Treasury office in Khagaria District for the year 2026-27	1,85,600.00	500	3800	21 दिन
20	Repair & Painting work of B-Type Quarter in Second Block at Chitragupt Nagar Khagaria for the year 2026-27.	3,11,700.00	750	6300	15 दिन
21	Construction of Staff Toilet Complex (Septic Tank & Soakpit) on 1st floor over Existing Toilet at Sub-Division Office, Building Campus in Khagaria District for the year 2026-27	12,89,614.00	2500.00	25800.00	दो माह
22	Construction of Proposed Aadhar Centre at Khagaria Sub-Division Office Campus in Khagaria Dist. Khagaria for the year 2026-27	974700.00	1250.00	19500.00	दो माह

PR. No. 014061 (BCD) 2026-27

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, खगड़िया

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें, किसी अनजान स्त्री/पुरुष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।